(रजि० नं० 1825)

फैशन एक्सप्रैस कर्मचारी संगठन

पता : कमरा नं० 5, गौशाला मार्किट, नजदीक बस स्टैन्ड गुड़गांव, (हरियाणा), दूरभाष : 2309656

1973
5/12/06

रेफरन्स नं० ....   दिनांक : ....

23.10.2006

सेवा में,

श्रीमान् उपश्रमायुक्त
गुडगांव

विषयः बोनस वितरण में प्रबन्धकों द्वारा पुनः धांधली तथा मनमानापन

मान्यवर,

1. निवेदन है कि मैसर्ज फैसन एक्सप्रैस के प्रबन्धकों ने इस बार भी दीपावली पर बोनस वितरण में धांधली की है और मनमाना तथा पशपातपूर्ण रैवया अपनाया है।

2. संलग्न सूची में वर्णित 21 श्रमिकों को जो बोनस राशि आफर की गई है इसका विवरण इनके नामों के सामने दिया जा रहा है। इन 21 श्रमिकों में से कम संख्या 2, 20 तथा 21 तीन श्रमिकों ने इस राशि को अभी तक प्राप्त नही किया है। जबकि कम संख्या 1, 3 से 10 12, 15, 17, 18, 19 इन 14 श्रमिकों द्वारा प्राप्त की गई राशियों के लिफाफे इन आवेदन पत्र के साथ संलग्न किये जा रहे है। इसी प्रकार से कम संख्या 11, 13, 14 तथा 16 इन 4 श्रमिकों के लिफाफे व राशि एक–दो दिन में आपके कार्यालय में प्रस्तुत कर दिए जायेगें।

पेज बाकी ...2

(रजि० नं० 1825)

फैशन एक्सप्रैस कर्मचारी संगठन

पता : कमरा नं० 5, गौशाला मार्किट, नजदीक बस स्टैन्ड गुड़गांव, (हरियाणा), दूरभाष : 2309656

रेफरन्स नं० .... दिनांक : ....

3. हमारा आपसे निवेदन है कि बोनस वितरण का मुकम्मल रिकार्ड मंगवा कर उपरोक्त 21 श्रमिकों के साथ किया गया मनमाना तथा पशपातपूर्ण रवैया निपटाया जावे तथा इस बात की जानकारी भी यूनियन को उपलब्ध कराई जावे कि प्रबन्धकों ने कितना बोनस धोषित किया तथा अदा किया है। ताकि यूनियन अगला कदम उठा सके।

साथ साथ निवेदन है कि पिछले साल बोनस वितरण का रिकार्ड भी मंगवा कर इसका भी निपटारा किया जावे जो कि लम्बे समय से पैन्डिंग है। आपकी अति कृपा होगी।

निवेदक

सतबीर सिंह

(सतबीर सिंह)
प्रधान

सतबीर सिंह

संलग्न :
21 श्रमिकों की सूची तथा
14 श्रमिकों के राशि सहित लिफाफे।